**असाइनमेंट:- 8 विषय :- हिंदी कक्षा:- IV शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल**

**नाम:- _______ सेक्शन :- __ रोल नंबर :- ____ दिनांक:- 24/08/2021**

## अपठित गद्यांश

**कबड्डी भारत का प्राचीन खेल है ।इसे खुले व समतल स्थान में खेला जाता है । दुनिया भर में क्रिकेट , हॉकी, फुटबॉल, शतरंज जैसे अनेक लोकप्रिय खेल खेले जाते हैं , फिर भी इन में कबड्डी का अपना एक अलग स्थान है । गरीब से गरीब आदमी भी कबड्डी के खेल का आनंद उठा सकता है । परंतु कबड्डी खेल से होने वाले लाभ भी कम नहीं हैं। इसे खेलने से शरीर की मांसपेशियाँ मज़बूत होती हैं और व्यक्ति स्वस्थ बना रहता है ।भारत एवं इसके पड़ोसी देशों में कबड्डी के खेल का महत्त्व बढ़ रहा है । एशियायी खेलों में कबड्डी का खेल भी शामिल है ।भारत इस खेल में अब तक सबसे आगे बना हुआ है । हमारे गाँवों में यह खेल आज भी लोकप्रिय है ।**

**ऊपर दिए गए गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**क) कबड्डी का खेल कैसे खेला जाता है ?**

**उत्तर:-** ____________________________________________

**ख) दुनिया में कौन-कौन से खेल लोकप्रिय हैं ?**

**उत्तरः-** ____________________________________________

**ग) कबड्डी खेलने के क्या क्या लाभ हैं?**

**उत्तरः-** ____________________________________________

**घ) कबड्डी के खेल का महत्त्व किन देशों में बढ़ रहा है?**

**उत्तरः-** ____________________________________________

**ङ) कबड्डी के खेल में सबसे आगे कौन रहा है ?**

**उत्तरः-** ____________________________________________

**च) विलोम शब्द बताओ -**

- **अमीर - ____________________**
- **आगे - ____________________**

## अपठित गद्यांश (उत्तर)

**क) कबड्डी का खेल खुले एवं समतल स्थान पर खेला जाता है ।**

**ख) दुनिया भर में क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल ,लॉन टेनिस , शतरंज जैसे अनेक लोकप्रिय खेल खेले जाते हैं ।**

**ग) कबड्डी खेलने से शरीर की मांसपेशियाँ मज़बूत होती हैं और व्यक्ति स्वस्थ बना रहता है।**

**घ) भारत और उसके पड़ोसी देशों में कबड्डी के खेल का महत्त्व बढ़ रहा है ।**

**ङ) कबड्डी के खेल में भारत सबसे आगे है ।**

**च )**

- **गरीब**
- **पीछे**